Regarding various issues pertaining to railways in Nalanda Parliamentary Constituency-laid

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): रेलवे में कोरोना काल का अभी भी दोगुना किराया वसूला जा रहा है । इसे वापस लिया जाये । नालंदा में ओपेन यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा हेतु नालंदा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी का ठहराव किया जाये, जिसकी माँग मैं लगातार करता आ रहा हूँ । हरनौत रेलवे स्टेशन पर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या: 14224/14223 के ठहराव के लिए मैंने कई बार आग्रह किया है । बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों सहित रेलवे कर्मचारियों का आना-जाना होता है । साथ ही यहाँ पर महिलाओं के लिए शौचालय और यात्रियों के बैठने व सफाई की व्यवस्था भी की जाये । रहुई रोड़ हाल्ट को रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया जाये, जिसकी माँग कई वर्षों से लगातार की जा रही है । राजगीर से फतुहा वाया बिहार शरीफ, चण्डी, रुखाई, दनियावां मेमू ट्रेन को पटना या दानापुर तक विस्तारित किया जाये । देश के वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा पहले किराए में छूट दी गई थी, जिसे बन्द कर दिया गया है । मेरी यह भी माँग है कि वरिष्ठ नागरिकों को पहले की तरह रेल यात्रा किराए में छूट दी जाये । नालंदा के सभी हाल्टों पर प्लेटफार्म को ऊंचा करने के साथ ही रोशनी, पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था की जाये ।